हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

14 निगम कार्यालय के सामने कांग्रेस पार्षदों ने बोला हल्ला

16 सतनाम संदेश यात्रा निकालकर दिया समानता, भाईचारे का संदेश




## खबर संक्षेप

### रावनगुड़ा में घासीदास जयंती आज

**सिर्री।** ग्राम रावनगुड़ा में सतनामी समाज के तत्वावधान में 18 दिसम्बर को संत गुरु घासीदास बाबा की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस दौरान मोर गंवई के फूल पंथी नाचा पार्टी की प्रस्तुति होगी। रात्रि में जय मां दुर्गा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी (मयारु गंगा) ग्राम साराबोंग जिला नवापारा (ओडिशा) का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी देवनारायण लहरे, कमलेश बघेल ने दी।

### कचना में पंथी नृत्य महोत्सव 19 को

**जीजामगांव।** इस वर्ष भी सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम कचना में बाबा गुरु घासीदास जयंती 18 दिसंबर गुरुवार को मनाई जायेगी। 19 दिसंबर शुक्रवार को पंथी नृत्य महोत्सव होगा। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए नवरंग छत्तीसगढ़ी लोक कला लड़की नाचा पार्टी मावलीभाटा का कार्यक्रम होगा। आयोजन की तैयारी में समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

### सलोनी में आज घासीदास जयंती

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम सलोनी में आज गुरु घासीदास जयंती मनाई जायेगी। नीलकमल धृतलहरे ने बताया कि इस वर्ष भी घासीदास जयंती जैतखाम के पास मनेगी। गांव में कलशयात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात जैतखाम में झण्डा चढ़ाया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारी में श्रीमती दीपिका धृतलहरे, राधाबाई धृतलहरे, लीलूराम धृतलहरे, रेखा बाई धृतलहरे, दिलीप लहरे, चोवालाल धृतलहरे, कुंदन धृतलहरे, अजीता बाई बंजारे समेत अन्य समाजजन जुटे हैं।

### गिरदावरी के बाद बढ़ा रकबा, धान खरीदी की मात्रा भी बढ़ेगी

# पहले किया रकबा समर्पण, अब बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



गिरदावरी के बाद कई किसानों के धान का रकबा बढ़ा है। दबाव के चलते उधर खरीदी केंद्रों ने पहले ही खरीदी का आकलन कर रकबा सरेंडर कर दिया था। अब किसानों की जमीन बढ़ने के बाद वे लगातार खरीदी केंद्रों में पहुंचकर धान खरीदी करने की मांग कर रहे हैं। समितियों द्वारा फिर से रकबा बढ़ाने की मांग की जा रही है। शासन से इस पर अभी तक कोई स्पष्ट नीति नहीं बन पाई है।

इस बार धान खरीदी का पंजीयन समस्याओं के बीच हुआ। गिरदावरी कम्पलीट नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में किसानों का पंजीयन अटका हुआ था। इन किसानों को मौका देते हुए खरीदी शुरू होने के बाद भी पंजीयन की सुविधा दी गई थी। सोमवार को पंजीयन का पैकअप किया गया। जानकारी के अनुसार पंजीयन की तिथि बढ़ने से 1 हजार से ज्यादा किसानों को लाभ हुआ। विभिन्न कारणों से उनका पंजीयन नहीं हो पाया था। तिथि बढ़ने के बाद उन्होंने पंजीयन करवाया। अब जिले में कुल 1 लाख 29 हजार 399 किसान धान खरीदी के लिए पंजीकृत हो चुके हैं। इस बीच सबसे बड़ी समस्या रकबा बढ़ने की आ रही है। खरीदी शुरू होने से पहले ही खरीदी की मात्रा का आकलन कर लिया गया था। खरीदी केंद्रों ने शासन-प्रशासन के दबाव के चलते रकबा सरेंडर कर दिया था। अब नए पंजीयन के बाद रकबा बढ़ गया है। पोर्टल में रकबा कम होने के कारण इन किसानों को टोकन जारी करने में परेशानी हो रही है। खरीदी केंद्रों द्वारा खरीदी के लिए रकबा बढ़ाने की मांग की गई है।

#### डुबान के कई किसान अब भी वंचित

लगातार पंजीयन की तिथि बढ़ाने के बाद भी विभिन्न समस्याओं के चलते डुबान क्षेत्र के कई किसान धान बेचने के लिए पंजीयन नहीं कर पाए हैं। जानकारी के अनुसार जिले के डूब प्रभावित क्षेत्र में कुल 1724 किसान हैं। दिसंबर माह के शुरूआत में डूब प्रभावित 724 किसानों के 667 हेक्टेयर का पंजीयन हो पाया है। जैसे-जैसे गिरदावरी कम्पलीट होती गई, उनका पंजीयन किया गया। अंतिम तिथि तक 1242 डूब प्रभावितों का पंजीयन हुआ है। अभी भी 482 किसानों का पंजीयन नहीं हुआ है।

#### कई किसानों की हैं समस्याएं

कई किसान ऐसे हैं, जिनका फारेस्ट एरिया और राजस्व एरिया दोनों जगहों पर खेती है। राजस्व एरिया के खेत का पंजीयन पहले हो चुका था। इन किसानों ने वहां पर टोकन लेकर धान भी बेच दिया है। अब फारेस्ट एरिया का पंजीयन गिरदावरी होने के बाद हुआ है। वे पहले से धान बेच चुके हैं, ऐसे में उनका रकबा नहीं बढ़ पा रहा है और वे धान बेचने से वंचित हो रहे हैं। वहीं सोरम सहित कई खरीदी केंद्रों में गिरदावरी के बाद किसानों का रकबा बढ़ा है। खरीदी केंद्र द्वारा शासन से खरीदी के लिए रकबा बढ़ाने की मांग की गई है। इसके बाद ही किसानों का धान खरीदा जा सकेगा।

## हाई स्पीड कार विद्युत पोल से टकराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



सिहावा चौक की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर घड़ी चौक के पास स्थित विद्युत पोल से टकरा गई। इस घटना में कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं सवार को मामूली चोट लगी है।

■ शहर के घड़ी चौक की घटना

शहर समेत हाईवे में वाहनों की रफ्तार का कहर देखने को मिल रहा है। बीते चौबीस घंटे में अलग-अलग स्थानों में पांच से अधिक सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। एक घटना मंगलवार की रात्रि शहर के मकई चौक में हुई है। रात्रि लगभग 10 बजे एक सफेद कलर की न्यू कार सिहावा चौक से मकई चौक होते हुए रत्नाबांधा चौक की तरफ जा रही थी। कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि मकई चौक के पास मोड़ में चालक कार को नियंत्रित नहीं कर सका। अनियंत्रित कार चौक में स्थित महेश क्लाथ के सामने खड़ी बिजली खम्भे से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के सामने के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। गनीमत रही कि टक्कर के बाद कार का एयर बैग खुल जाने से चालक की जान बाल-बाल बच गई। कार में सवार सौरभ सिन्हा उम्र 28 वर्ष ग्राम कुकरेल निवासी व एक अन्य साथी को मामूली चोट लगी है। घटना रात में होने के कारण चौक में आवाजाही कम थी जिसके कारण राहगीर वाहन की चपेट में आने से बच गए। बताया गया है कि युवक नई कार का आनंद लेने निकले थे। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस घटनास्थल पहुंची और क्षतिग्रस्त कार को किनारे कराया।

### पुरूर के पास हादसा

नेशनल हाईवे में पुरूर के पास साइकिल सवार को हैवी वाहन ने चपेट में लिया। पहिये के नीचे आ जाने से राहगीर की मौत हो गई। मृतक बालोदगहन निवासी बताया जा रहा है। सूचना पर पुरूर पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को गुरूर अस्पताल भिजवाया।

## सेमरा (बी) हत्याकांड के दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

सेमरा (बी) रोहित नाग हत्याकांड के दो बचे हुए मुख्य फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीन आरोपी पूर्व में गिरफ्तार किये जा चुके हैं। अब तक कुल पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर मामले का पटाक्षेप कर दिया है। थाना कुरूद क्षेत्रांतर्गत बीते 7 दिसंबर की रात्रि लगभग 10 बजे ग्राम सेमरा (बी) में रोहित कुमार नाग उम्र 23 वर्ष के साथ गंभीर मारपीट की घटना घटित हुई। मृतक द्वारा तालाब किनारे हो रहे गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपीगण चंद्रशेखर उर्फ जॉनी साहू, झन्नू ध्रुव एवं अन्य साथियों ने उसे पकड़कर हाथ-मुक्के, लोहे के पाइप एवं चाकू से बेरहमी से हमला किया।बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों को आरोपियों द्वारा एयर पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई। गंभीर रूप से घायल रोहित नाग को उपचार हेतु मसीही अस्पताल धमतरी ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान रात्रि 2 बजे उसकी मृत्यु हो गई।


तीन आरोपियों को पूर्व में भेजा जा चुका है जेल

पुलिस ने धारा 103(1), 3(5) बीएनएस तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। तीन आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था। जिसके बाद फरार चल रहे मुख्य आरोपी मनीष साहू उर्फ मनी रोकड़ा, पिता चेतन लाल उम्र 24 वर्ष साकिन हटकेश्वर,थाना सिटी कोतवाली धमतरी हाल पता साल्हेभाठ थाना केरेगांव, जिला धमतरी एवं सत्यम साहू पिता स्व. टेकेश्वर साहू उम्र 19 वर्ष साकिन साल्हेभाठ, थाना केरेगांव जिला धमतरी (छग) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत



**धमतरी।** दो बाइक में हुई जबरदस्त भिड़ंत में एक युवक की मौके पर मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक ने अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में दम तोड़ दिया है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम भरदा निवासी तरूण कुमार साहू पिता पोखनलाल उम्र 21 वर्ष टेंट हाउस का काम करता था। तरूण व गांव के संजय साहू दोस्त थे। तरूण मंगलवार को दोस्त संजय के साथ उसी की मोटरसाइकिल में दवाई खरीदने मगरलोड के मेडिकल स्टोर गए थे। जहां से दवाई खरीदने के बाद मोटरसाइकिल से वापस घर भरदा लौट रहे थे। इसी दौरान मगरलोड तालाब के पास विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल से भिड़ंत हो गई। घटना में संजय साहू की मौके पर मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल तरूण को उपचार के लिए मगरलोड अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने बुधवार को पंचनामा, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

■ दवाई खरीदने मोटरसाइकिल से मगरलोड गए थे

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण -** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

सुमीत बाजार™

समानता, एकता और भाईचारे का संदेश देने वाले, सतनाम पंथ के संस्थापक गुरु घासीदास जी की जयंती पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं !
आज पेपर कटिंग लाने पर
बाजार मूल्य ₹ ~~999~~ प्रति पीस वाले
किंग साईज डबलबेड

साईज 108 x 108 किंग साईज
पॉलीकोट बेडशीट 1+2 सेट ₹333
1 डबलबेडशीट + 2 पिलो कव्हर की कीमत मात्र ₹333 में
*condition apply
ऑफर सिर्फ आज के लिये
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... प्रति व्यक्ति अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा.
5% CASHBACK* SBI card
*Min. Trxn.: ₹2,350; Max. Cashback: ₹250 per card account; Validity: 13 Dec 2025 - 04 Jan 2026. T&C Apply.
रूद्री रोड, धमतरी

## शीतलहर से जनजीवन हुआ प्रभावित, ठंड से बचने लोग अलाव का ले रहे सहारा

# नगरी-सिहावा अंचल में कड़ाके की ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



जिले के नगरी विकासखंड सहित सिहावा अंचल में लोगों को भीषण ठंड का सामना करना पड़ रहा है। बीते कुछ दिनों से चल रही तेज और ठंडी हवाओं के कारण तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे ग्रामीण अंचल में ठिठुरन बढ़ गई है।

नगरी क्षेत्र के गांव-गांव में सुबह और रात के समय शीतलहर का असर साफ देखा जा रहा है। तड़के सुबह सड़कों पर घना कोहरा और ओस की चादर पसरी नजर आ रही है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। 10 दिसंबर से ही ठंड ने लोगों को कंपकंपाने पर मजबूर कर दिया है। इसी बीच मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में शीतलहर चलने की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार आगामी दिनों में तेज हवाओं के साथ तापमान में और गिरावट आने की संभावना है, जिससे ठंड का प्रकोप और बढ़ सकता है। बढ़ती ठंड को देखते हुए स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर बचाव के इंतजाम शुरू कर दिए हैं। नगर एवं ग्रामीण इलाकों में सुबह और शाम के समय लोग अलाव जलाकर ठंड से राहत लेते नजर आ रहे हैं। सोंढूर, रिसगांव, खल्लारी, कसपुर, बोरई, मैनपुर जंगल के आसपास के गांवों के लोग अलाव जला रहे हैं। मन्नू प्रजापति, गुड्डू प्रजापति, दानेश्वर राम कुम्हार, हुलेश प्रजापति, प्रवीण, बीरू, घनाराम, किशन पांडे, सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। ठंड को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने बुजुर्गों और बच्चों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम मथुराडीह निवासी बसंत नागारची पिता निर्भय उम्र 40 वर्ष मजदूरी करता था। युवक शराब पीने का आदी था। बुधवार की सुबह युवक ने अपने घर में लकड़ी के म्यार पर रस्सी का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक को फंदे पर लटका देख उसकी पत्नी व बच्ची ने परिजनों को सूचना दी। जीवित होने की आशंका चलते युवक को फंदे से उतार उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया। युवक द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## अंचल की खबरें

### घासीदास जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा



**धमतरी।** ग्राम तेलीनसत्ती में गुरु घासीदास बाबा की जंयती 18 दिसम्बर को मनाई जायेगी। 3 बजे से शोभायात्रा निकलेगी जो गांव का भ्रमण करते हुऐ गोठान जैतखाम पहुंचेगी। 6 बजे सतनाम मंगल चौक में सत के अंजोर हाटकेश्वर शीतलापाराका कार्यक्रम होगा। मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक होंगे। अध्यक्षता विजय सोनवानी जिला उपाध्यक्ष सतनामी समाज करेंगे। विशिष्ट अतिथि अमरदीप साहू जिला महामंत्री कांग्रेस कमेटी, देवेन्द्र सिन्हा सरंपच, योगेश मारकंडे जनपद सदस्य देमार, विनोद डिंडोकर अध्यक्ष युवा प्रदेश समाज, कोमल संभाकर सामाजिक कार्यकर्ता, श्री रजक सेक्टर प्रभारी, मोहन जांगड़े, मुक्तानंद गायकवाड़, वासु गायकवाड़ सतनामी समाज अध्यक्ष, गजेन्द्र जांगड़े, चितेश जोशी सतनामी समाज सचिव, सोनराज जोशी, कनक प्रसाद बंजारे, पतिराम जांगड़े ,बलवंत गायकवाड़, एपी सोनवानी होंगे।

### अरौद में ड्यूस बाल क्रिकेट स्पर्धा का समापन आज



**मगरलोड।** ग्राम अरौद में एसीसी क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 14 से 18 दिसंबर तक राज्य स्तरीय ड्यूस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आज समापन अवसर के मुख्यातिथि विधायक अजय चंद्राकर होंगे। अध्यक्षता सरपंच पोखन साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि रिखीराम साहू, संजय ध्रुव, देवव्रत साहू, ओमप्रकाश साहू, लक्खू केला, जिला पंचायत सभापति मीना साहू, जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष खिलेश साहू, योगेश चंद्राकर, भूपेन्द्र साहू, रामस्वरूप साहू, देवनारायण साहू, सुरेश साहू, नंदू साहू होंगे।

## निरंजन बने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के अध्यक्ष

■ विधायक के करीबी भाजपा नेता को मिली बड़ी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर के करीबी व कुरूद नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता निरंजन सिन्हा को रायपुर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का अध्यक्ष बनाया गया है। मंगलवार सुबह जैसे ही यह खबर मिली कि उन्हें रायपुर जिला कॉपरेटिव बैंक का प्रमुख बनाया गया है तो नगर में हर्ष का माहौल बन गया। नगरवासियों एवं भाजपाइयों ने उन्हें घर जाकर एवं सोशल मीडिया से बधाई दी है।

छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाओं के प्रस्ताव के आधार पर यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ के सहकारी बैंकों के प्रबंधन को मजबूती देने और सांगठनिक कार्यों को गति देने के उद्देश्य से की गई है। अपनी इस नियुक्ति के लिए निरंजन सिन्हा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, कृषिमंत्री रामविचार नेताम, विधायक अजय चंद्राकर, सांसद रूपकुमारी चौधरी तथा प्रदेश भाजपा संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि श्री सिन्हा के नेतृत्व में सहकारी बैंक को नई दिशा मिलेगी तथा किसानों, आम नागरिकों और सहकारिता क्षेत्र के हित में सकारात्मक कार्य होंगे।

### भाजपा संगठन से जुड़कर निभा चुके हैं कई बड़ी जिम्मेदारी

ज्ञात हो कि कॉपरेटिव बैंक रायपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री सिन्हा 2000 से 2010 तक लगातार निर्वाचित होकर कुरूद नगर पंचायत के अध्यक्ष रहे। इसके अलावा धमतरी जिला भाजपा अध्यक्ष रहे। पार्टी ने उन्हें 2013 में सिहावा विधानसभा का चुनाव संचालक बनाया। उनकी संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए प्रदेश भाजपा और किसान मोर्चा का राज्य मंत्री भी बनाया जा चुका है। आरएसएस से जुड़े श्री सिन्हा बस्तर संभाग प्रभारी के तौर पर काम कर पार्टी की जड़ें सींच चुके हैं। उन्होंने पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठ में काम करते हुए संगठन का विस्तार करने में अहम भूमिका निभाई है। अब उन्हें प्रदेश सरकार ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर का अध्यक्ष नियुक्त कर बड़ी जिम्मेदारी दी है।

## 32 क्विंटल अवैध धान किया जब्त



■ नगरी मंडी के उड़नदस्ता दल ने दो जगह की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बीते सोमवार को नगरी मंडी के उड़नदस्ता दल ने दो अलग-अलग मामलों में कुल 32 क्विंटल अवैध धान जब्त कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। उड़नदस्ता दल ने ग्राम गिधावा निवासी नकुल ठाकुर से अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे 28 कट्टा धान (11.20 क्विंटल) जब्त किए। दूसरी कार्रवाई में पूजा ट्रेडर्स नगरी के संचालक राजेश चोपड़ा से 20.80 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया।

कलेक्टर मिश्रा ने स्पष्ट कहा कि जिले में किसानों के हितों की रक्षा तथा समर्थन मूल्य व्यवस्था की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए अवैध धान परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसे रोकने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को सतत निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। अन्य राज्यों एवं जिलों की सीमाओं पर चेक पोस्ट स्थापित कर धान परिवहन की सघन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई से अवैध व्यापार पर प्रभावी अंकुश लगेगा और वास्तविक किसानों को उनका उचित लाभ सुनिश्चित हो सकेगा। जिला प्रशासन ने किसानों एवं व्यापारियों से मंडी नियमों तथा शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## गीता जयंती समारोह में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा





■ सुपेला में गीता जयंती समारोह पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज द्वारा कुरूद ब्लॉक के भखारा क्षेत्र अंतर्गत सेमरा पाली के ग्राम सुपेला में गीता जयंती समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन पाली अध्यक्ष बीरसिंग यादव ग्राम सिंगदेही के नेतृत्व में किया गया।

समारोह की शुरुआत सुबह कलश स्थापना, दीप प्रज्वलन, गीता पूजन एवं श्रीकृष्ण ध्वजारोणन से हुई। महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लिए भगवान श्रीकृष्ण के रथ के पीछे शोभायात्रा में शामिल हुईं। राऊत नृत्य दल के सामाजिक बाजे और मधुर संगीत के साथ यादव समाज के युवाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया। शोभायात्रा ग्राम भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची, जहां राधा-कृष्ण की प्रतिमा की स्थापना कर पूजा-अर्चना की गई।

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पूजा सिन्हा, श्रीमती वनिता सिन्हा जनपद सदस्य कुरूद, डगेश्वरी देवांगन सदस्य जपं कुरूद, कृष्णा सोनकर सदस्य जपं सिलघट, पुरुषोत्तम साहू पूर्व जनपद सदस्य कुरुद, चेतन देवांगन सरपंच सुपेला, पूरन साहू उपसरपंच, मूलचंद साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति सुपेला, सचिव द्वारिका प्रसाद साहू ग्राम विकास समिति सुपेला मौजूद थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने गीता जयंती के अवसर पर ग्राम सिलघट स्थित श्रीकृष्ण मंदिर स्थल के समतलीकरण हेतु दो लाख रुपये की घोषणा की। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर विदाई दी गई।

### न्यायालय तहसीलदार बेलरगांव जिला-धमतरी (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र. क्र. 564/मद......../सन 2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम नागरिक ग्राम झुंझराकसा प.ह.नं. 19 तहसील बेलरगांव जिला धमतरी को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक चैन सिंह नेताम पिता स्व. दशरथ जाति गोड़ निवास ग्राम झुंझराकसा द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदक के मां सहबती पति दशरथ की मृत्यु दिनांक 10/07/2009 को हो जाने के कारण अज्ञानतावश आज दिनांक तक पंजीयन नहीं करवाया गया है। उक्त घटना का पंजीयन कराये जाने हेतु इस न्यायालय से ग्राम पंचायत झुंझराकसा को आदेश प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया।

अतः आवेदक के मांग सहबती पति दशरथ का मृत्यु दिनांक 10/07/2009 को हो जाने के संबंध में इस न्यायालय द्वारा आदेश दिये जाने पर ग्राम के जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा, आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में नियत सुनवाई दिनांक 31.12.2025 तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत सुनवाई तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.12.2005 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
बेलरगांव
जिला-धमतरी (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार क्र. 02 कुरूद जिला धमतरी (छ.ग)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. 202510130100015/अ-21
वर्ष 2025-26 ग्राम चारभाठा प.ह.नं. 42
तहसील कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग.)
क्रमांक/427/ना.तह./वा./2025

कुरूद, दिनांक 15.12.2025

एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/विक्रेता लीलाराम ध्रुव पिता कन्हैया जाति गोड़ (आदिवासी) कास्तकार चारभाठा निवासी सिरसिदा तह. कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.) द्वारा ग्राम चारभाठा तह. कुरूद जिला धमतरी स्थित भूमि ख.नं. क्रमशः 262, 263, 266, 268 रकबा क्रमशः 0.08, 0.08, 0.10 0.17 हे. कुल ख.नं. 04 रकबा 0.41 हे. भूमि को निवास स्थान से दूर होने एवं निवास ग्राम सिरसिदा में कृषि भूमि क्रय करने हेतु विक्रय अनुमति चाही गई है। अनावेदक/क्रेता भूपेन्द्र पिता मेघराज जाति तेली (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम चारभाठा तहसील कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय अनुज्ञा हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है।

आवेदक द्वारा उक्त भूमि के विक्रय करने के पश्चात जीवकोपार्जन हेतु आवेदक के स्वयं के नाम पर ग्राम सिरसिदा प.ह.नं. 43 तह. कुरूद जिला धमतरी में कुल भूमि ख.नं. 13 रकबा 1.91 हे. एवं पुत्र अमरनाथ के नाम कुल ख.नं. 08 रकबा 0.97 हे. एवं पुत्र तेजराम के नाम पर कुल ख.नं. 01 रकबा 0.13 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है जो कि चाही गई भूमि विक्रय के पश्चात शेष बची रहेगी। जिससे आवेदक के परिवार के जीवकोपार्जन हेतु परियाप्त भूमि रहेगी। उपरोक्त संबंध में जिस किसी/व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार से आक्षेप/दावा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 29/12/2025 तक कार्यालयीन अवधि में लिखित में पेश कर सकते हैं। म्याद बाद प्राप्त दावा, आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)










मा. नरेंद्र मोदी जी
मा. विष्णुदेव साय जी
हे सतपुरुष, हे सतनाम, हे सतनाम
समानता, एकता और भाईचारे का संदेश देने वाले
सतनाम पंथ के संस्थापक
गुरू घासीदास बाबा
की जयंती पर
आप सभी को हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
हरिभूमि
24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION
मा. अजय चंद्राकर जी
विधायक कुरुद
पूर्व केबिनेट मंत्री छग शासन
लोकप्रिय राष्ट्रीय दैनिक अखबार
मा. अरूण साव जी
उप मुख्यमंत्री छग शासन
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
हरिभूमि
ज्योति भानू चंद्राकर
अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुरूद
भानू चंद्राकर
विधायक प्रतिनिधि नगर पालिका परिषद कुरूद


गुरु घासीदास बाबा जी
की जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मा. अजय चन्द्राकर
विधायक कुरुद
हे सतपुरुष, हे सतनाम, हे सतनाम
मा. कुलेश्वरी सुनील गायकवाड़
सभापति जिला पंचायत धमतरी
हरिशंकर सोनवानी
जिलाध्यक्ष भाजपा अनु.जा.मोर्चा धमतरी
श्रीमती पूजा राजू सिन्हा
सभापति जिला पंचायत, धमतरी
सुनील गायकवाड़
पूर्व जनपद सदस्य, कुरुद
ललिता मतपहरी
जनपद सदस्य, कुरुद
उर्वशी बांधेकर
जनपद सदस्य, कुरुद
रुम्मान कुर्रे
जनपद सदस्य, कुरुद
रमेश मतपहरी
सामाजिक कार्यकर्ता
जितेन्द्र बांधेकर
सामाजिक कार्यकर्ता


हरिभूमि
24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION
लोकप्रिय राष्ट्रीय दैनिक अखबार
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
हरिभूमि
हे सतपुरुष, हे सतनाम, हे सतनाम
सत के सादा झंडा ले, जीवन राह देखाय।
मनखे मनखे एक के, सुंदर भाव जगाए।
महिमा तो सतनाम के, सुघ्घर करिन बखान।
बाबा घासीदास ला बारंबार प्रनाम
समस्त क्षेत्रवासियों को बाबा घासीदास जयंती
की हार्दिक शुभकामनाएं
मा. अजय चन्द्राकर
विधायक कुरुद
पूर्व केबिनेट मंत्री छग शासन

## खबर संक्षेप

### जिले में 20 व 21 दिसंबर को होगी धर्मसभा




**आमदी(धमतरी)।** भारतीय गौ क्रांति मंच के तत्वावधान में 20 एवं 21 दिसंबर को धर्मसभा का आयोजन किया जा रहा है। 20 दिसंबर को सुबह 11 बजे नगर पंचायत आमदी तथा दोपहर 2 बजे ग्राम कोर्रा में व 21 दिसंबर को सुबह 11 बजे ग्राम सिंगपुर और दोपहर 2 बजे ग्राम बगदेही में धर्मसभा होगी। मुख्य वक्ता पाटेश्वर धाम पीठाधीश्वर बालक दास होंगे। वे धर्म, संस्कृति एवं गौ संरक्षण पर मार्गदर्शन देंगे। इस दौरानर क्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है। धर्मसभा को सफल बनाने नामदेव राय, संजय सिन्हा, रिंकू सेन, चेतन साहू, सूर्या नेताम, खूबलाल साहू, चोवा साहू, डोमेंद्र सिन्हा, रोशन गोस्वामी, जितेंद्र पटेल, किशोर कुंभकार, संतोष निर्मलकर एवं दीपक साहू जुटे हैं। यह जानकारी जिला महामंत्री गौ क्रांति मंच तिलक देवांगन ने दी है।

### किसान मजदूर संघर्ष समिति की बैठक आज

**नगरी।** किसान मजदूर संघर्ष समिति की बैठक 18 दिसंबर गुरुवार को दोपहर 12 बजे महावीर चौक सामुदायिक भवन डोंगरडुला में रखी गई है। डोंगरडुला, राजपुर, घोटगांव, गट्टासिल्ली, करैहा एवं दुगली क्षेत्र के किसानों से उपस्थिति की अपील की गई है।

## निधन

### रामलाल मत्स्यपाल



**धमतरी।** रामबाग के पास रहने वाले विंध्यवासिनी वार्ड निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक रामलाल मत्स्यपाल का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा राव होटल के बाजू रामबाग रोड उनके गृह निवास से निकली। उनका अंतिम संस्कार अछोटा महानदी तट पर किया गया। ग्राम परेवाडीह शंकरदाह में प्रधानपाठक पद से सेवानिवृत्त हुए स्व. रामलाल मत्स्यपाल , हेमकांत, निर्मल कुमार, सोमप्रकाश, तीरथराम, सुमन सोनवानी व अधिवक्ता बालकृष्ण मत्स्यपाल के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नीरजधर तिवारी, उपाध्यक्ष द्वय सचिन जाचक, सुश्री जानकी तिवारी, कोषाध्यक्ष संजय शुक्ला, सचिव भीखमलाल सिन्हा, क्रीड़ा सचिव पीयूष देवांगन, सहसचिव तल्लीनपुरी गोस्वामी समेत अनेक लोगों ने शोक जताया है।

### गिरवर माला



**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम पुरूर निवासी सेवानिवृत्त प्रधानपाठक गिरवर माला 83 वर्ष का निधन हो गया। वे नम्रता माला के ससुर एवं दुष्यंत माला के दादाजी थे। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें ग्रामीण एवं परिजन काफी संख्या में शामिल हुए।

पंडाल हटाने पहुंची प्रशासन-पुलिस टीम का किया जमकर विरोध

# निगम कार्यालय के सामने कांग्रेस पार्षदों ने बोला हल्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





नगर निगम में मूलभूत सुविधाओं की कमी, कमीशनखोरी एवं भ्रष्टाचार के विरोध में कांग्रेस पार्षदों का धरना प्रदर्शन लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। निगम कार्यालय के सामने चल रहे धरने के दौरान मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे प्रशासन एवं पुलिस की टीम पंडाल हटाने पहुंची, जिसका कांग्रेस पार्षदों ने कड़ा विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी की।

धरना स्थल पर मौजूद कांग्रेस पार्षदों ने आरोप लगाया कि महापौर उनके एक दिन के शांतिपूर्ण धरने से घबरा गए हैं, इसी कारण उन्हें हटाने के लिए प्रशासन और पुलिस का सहारा लिया जा रहा है। पार्षदों ने स्पष्ट कहा कि वे किसी भी दबाव में धरना समाप्त नहीं करेंगे। जनता ने उन्हें चुनकर भेजा है और वे जनता की आवाज बनकर अपने हक और अधिकार की लड़ाई अंतिम दम तक लड़ते रहेंगे।

कांग्रेस पार्षदों ने नगाड़ा बजाकर अनोखे अंदाज में महापौर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। नगाड़े की थाप पर पार्षदों ने "हमर महापौर ह लबरा है, सड़क ह डबरा है" जैसे व्यंग्यात्मक नारों के साथ प्रदर्शन कर निगम प्रशासन पर तीखा हमला बोला। पार्षदों ने कहा कि निर्वाचित होने के बाद महापौर द्वारा लगातार "खाऊंगा नहीं, खाने दूंगा नहीं" का दावा किया गया था, लेकिन वर्तमान में उन्हीं की छत्रछाया में निगम में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी खुलेआम फल-फूल रही है। इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है और शहर भर में अव्यवस्था की स्थिति बनी हुई है।

धरना स्थल को संबोधित करते हुए पूर्व महापौर विजय देवांगन, आनन्द पवार एवं रूपेश राजपूत ने कहा कि नगर निगम में विकास कार्य ठप पड़े हैं और जनता से जुड़े बुनियादी मुद्दों की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि निगम में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है और प्रशासन आंख मूंदे बैठा है।

इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उपनेता विशु देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, सुमन मेश्राम, पूर्णिमा रजक, योगेश लाल, सूरज गहरवाल, उमा ध्रुव, रामेश्वरी कोसरे, पूर्व पार्षद लोकेश्वरी साहू, नीलू पवार, ममता शर्मा, राजेश पांडेय, राजेश ठाकुर, कमलेश सोनकर, अजय वर्मा, सोमेश मेश्राम, युवा अध्यक्ष हितेश गंगवीर, वातांजलि गोस्वामी, जितेन साहू, श्याम कंवर देवांगन, कन्हैया सोनी, घनाराम सोनी, देवेंद्र देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

कांग्रेस पार्षदों ने चेतावनी दी कि यदि नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी एवं जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

# पालकों को बताई शिक्षा की महत्ता

- हाईस्कूल अटंग की शाला विकास समिति चला रही पालक संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अटंग के शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष भोपाल सिंह, संस्था प्रमुख नूतन लाल चन्द्राकर, जेएल साहू, एमके ध्रुव, पार्वती चन्द्राकर, प्रकाश साहू, ऋतु चन्द्राकर, गणपति यादव, प्रमोद यादव, मिथिलेश साहू ,ममता साहू, चेतन लाल साहू, संगीता भंडारी द्वारा परीक्षा पर चर्चा एवं परीक्षा परिणाम के लिए घर घर जाकर पालक सम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शाला के शिक्षक और संस्था प्रमुख ने पालकों और विद्यार्थियों के घर जाकर उनसे मुलाकात की और उन्हें परीक्षा के महत्व और परीक्षा परिणाम के बारे में जानकारी दी। साथ ही शिक्षा के महत्व को लेकर सभी को अवगत कराया। उन्होंने पालकों को अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक रहने और उनकी पढ़ाई और प्रगति पर सहयोग करने की अपील की। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष भोपाल सिंह ने कहा कि परीक्षा पर चर्चा और पालक सम्पर्क अभियान का उद्देश्य पालकों और विद्यार्थियों को परीक्षा के महत्व और परीक्षा परिणाम के बारे में जागरूक करना है। शाला के शिक्षक और संस्था प्रमुख पालकों के साथ मिलकर विद्यार्थियों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

संस्था प्रमुख नूतनलाल चन्द्राकर ने बताया कि शाला के शिक्षक और संस्था प्रमुख पालकों के साथ मिलकर विद्यार्थियों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने पालकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक रहें।

# सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 20 को

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सतनामी समाज के युवक-युवतियों को वैवाहिक एवं सामाजिक परिचय का सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 20 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से गुरुबालक दास सभा भवन जोधापुर डाकबंगला वार्ड पीजी कॉलेज रोड धमतरी में होगा। आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन में भाग लेने वाले युवक-युवतियों के लिए पासपोर्ट साइज फोटो एवं बायोडाटा अनिवार्य रहेगा। विधवा एवं दिव्यांग युवक–युवती भी सम्मेलन में भाग ले सकेंगे। पंजीयन शुल्क 201 रुपये है। रात्रि में सुर वंदना शशि रंगीला स्टार नाइट लोक कला मंच की प्रस्तुति होगी।

तैयारी में रमेश लहरे जिला अध्यक्ष सतनामी समाज कल्याण समिति एवं सतनामी शासकीय सेवक संघ, नंदकुमार बंजारे जिला सचिव, डॉ. सुरेन्द्र कुर्रे सलाहकार एवं संरक्षक तथा कपिल देशलहरे जिलाध्यक्ष सतनामी समाज धमतरी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डोमन चंदेल, योगेश डहरिया उपाध्यक्ष, साहिल टंडन एवं भूषण कोसर सचिव तथा मनोज खरे कोषाध्यक्ष, नरेश बघेल जिला सचिव, सुंदरलाल सोनवानी सचिव, सतनामी शासकीय सेवक संघ, शिव कुमार कोसरे, भूषण जांगड़े कोषाध्यक्ष सतनामी समाज जुटे हैं।

## अंचल की खबरें

### स्वच्छता के लिए चयनित स्कूलों का टीम ने किया निरीक्षण



**मगरलोड।** विकासखंड मगरलोड में स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत चयनित प्राथमिक शाला सौंगा एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मगरलोड का राज्य कार्यालय से आई टीम ने आकस्मिक निरीक्षण किया। टीम में अरुण शर्मा जिला मिशन समन्वयक रायपुर व राकेश सोनकर, डीपीएमयू रायपुर, डीपीएमयू धमतरी से कुंती पांडे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक तामेश्वर ठाकुर, बीआरसी के अधिकारी मौजूद थे।

### राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग में जिले से 5 खिलाड़ी शामिल होंगे



**मगरलोड।** शालेय राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में जिले से 5 खिलाड़ी शामिल होंगे। 69वीं राष्ट्रीय शालेय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता ग्वालियर (मध्यप्रदेश) में 25 से 30 दिसंबर तक आयोजित की गई है। सितम्बर माह में रोलर स्केटिंग का राज्यस्तरीय आयोजन रायपुर संभाग में हुआ जिसमें पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भैंसमुंडी मगरलोड के 14 बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें से 5 बच्चे सुयश धीवर, एकता साहू, खुशबू यादव, मोक्ष साहू, परिणीता साहू ने राष्ट्रीय स्तर पर जौहर दिखाते हुए अपना स्थान बनाया है। खिलाड़ियों के चयन पर संस्था प्रमुख प्रेमसिंह दीवान, व्यायाम शिक्षक प्रवीर कृष्ण साहू, प्रधानपाठक कुमुदनी विश्वकर्मा, शिम्पा भट्टाचार्य, शालिनी साहू, ऋतु लीलहारे, पोषण निषाद, आशीष यादव, हरिवंश राठौर, राजेश साहू, अर्चना साहू समेत अन्य शिक्षकगणों ने हर्ष जताया है।

### कबड्डी स्पर्धा में परसट्ठी की टीम रही विजेता





- चिंवरी में हुई राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

**सिर्री।** ग्राम चिंवरी के चिंवरेश्वरनाथ कबड्डी टीम, नवयुवक संघ एवं ग्रामवासियों के सहयोग से राज्यस्तरीय एकदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत व विशिष्ट अतिथि तारिणी चंद्राकर जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी धमतरी, सरपंच संजीत साहू, ओमप्रकाश साहू, प्रेमलाल साहू, महेश साहू, तोरण साहू, रोशन, पिंकू, मुकेश, गजेंद्र, सुदामाराम, प्रवीण, नोमेश, त्रिलोक, डोसन, अनुभव, नूतेश, शिव, निखिल थे। स्पर्धा में प्रथम स्टूडेंट क्लब परसट्ठी को प्रथम पुरस्कार 7 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार चिंवरेश्वर नाथ चिंवरी को 5 हजार रूपए, तृतीय पुरस्कार जय चंद्रा क्रीड़ा मंडल चर्रा को 3 हजार रुपए, चतुर्थ पुरस्कार जय मां शीतला दल सिर्री को 1500 रुपए दिया गया। प्रत्येक प्रतिभागी टीम को मोमेंटो से सम्मानित किया गया। बेस्ट रेडर, बेस्ट डिफेंडर, बेस्ट ऑलराउंडर को 301 रुपए एवं ट्राफी दी गई। संचालन भूपेंद्र साहू ने किया।

सिंगल नोडल एजेंसी से पीएम आवास के 17.99 लाख रुपए सीधे खातों में अंतरित

# कुरूद में एसएनए स्पर्श से राहत की बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत वर्षों से किस्त का इंतजार कर रहे कुरूद के पात्र हितग्राहियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। कुरूद नगर पालिका ने सिंगल नोडल एजेंसी ( एसएनए) स्पर्श प्रणाली के माध्यम से 17.99 लाख रुपये की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में अंतरित कर दी है। खाते में पैसा पहुंचते ही जहां हितग्राहियों के चेहरे पर खुशी लौट आई, वहीं लंबे समय से रुके आवास निर्माण कार्यों ने फिर से गति पकड़ ली है।


नगर पालिका द्वारा यह राशि दो हिस्सों में दी गई जिसमे 15.36 लाख रुपये (राज्यांश) व 2.63 लाख रुपये (केंद्रांश) शामिल है। एसएनए स्पर्श प्रणाली के जरिए हुआ यह भुगतान पूरी तरह पारदर्शी, सुरक्षित और समयबद्ध रहा। बिना किसी बिचौलिए के सीधे खाते में राशि मिलने से हितग्राहियों ने तुरंत अपने अधूरे मकानों का काम दोबारा शुरू कर दिया है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने जानकारी दी है कि पहले योजना की राशि निकाय के माध्यम से दी जाती थी, लेकिन अब शासन के निर्देश पर राज्यांश और केंद्रांश सीधे हितग्राही के खाते में भेजे जा रहे हैं। नई व्यवस्था के कारण जो शुरुआती विलंब हुआ था, वह अब समाप्त हो चुका है और आगे भुगतान निरंतर जारी रहेगा।

### यह आम जनता के सपनों को मजबूती देने का काम है



नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव और वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को सीधे खातों में 17.99 लाख रुपये मिलना पारदर्शी शासन का प्रमाण है। इससे जरूरतमंद परिवारों को बड़ा संबल मिला है और हमारा प्रयास है कि सभी आवासों का निर्माण जल्द पूरा हो। उन्होंने लाभार्थियों से बात करते हुए कहा कि यह सिर्फ राशि का ट्रांसफर नहीं, बल्कि आम जनता के सपनों को मजबूती देने का काम है। जब लाभ सीधे खातों में पहुंचता है, तो भरोसा बढ़ता है और जरूरतमंद परिवार अपने घर का सपना पूरा कर पाते हैं। जनता की परेशानी हमारी प्राथमिकता है और उसका समाधान हमारी जिम्मेदारी।

# सैकड़ों एकड़ में लगेगी धान की फसल



**धमतरी।** प्रशासन की सलाह पर कई किसानों ने उन्हारी फसल लगाई है, लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में किसान धान की खेती कर रहे हैं। अर्जुनी, मुजगहन सहित अंचल के कई गांवों में धान की फसल के लिए नर्सरी तैयार हो रही है। इन गांवों में अधिकांश किसान धान की खेती कर रहे हैं।

लगातार हो रही पानी बर्बादी को रोकने के लिए इस साल प्रशासन ने फसल चक्र परिवर्तन के लिए मुहिम चलाई है। किसानों को धान की जगह चना, गेहूं, सरसों जैसी फसल लगाने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही किसानों को बीज, सिंचाई के उपकरण सहित अन्य जरूरत की चीजें सब्सिडी पर उपलब्ध कराई गई हैं। इसका फायदा भी हुआ और बड़ी संख्या में किसान उन्हारी की ओर डायवर्ट हुए हैं। इसके बाद भी कई किसान ऐसे हैं जो धान की खेती का मोह नहीं छोड़ पाए हैं। कई गांव के किसानों ने धान की खेती करने का निर्णय लिया है। इसके लिए धान की नर्सरी भी तैयार कर रहे हैं। एक से डेढ़ माह में धान की रोपाई भी शुरू हो जाएगी।

# जिला साहू संघ का चुनाव 26 को, अधिसूचना जारी

**धमतरी।** जिला साहू संघ चुनाव की तिथि घोषित कर दी गई है। इसके साथ ही अधिसूचना भी जारी हो गई है। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार 17 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन, 18 को मतदाता सूची पर दावा आपत्ति, 18 की शाम दावा-आपत्ति का निराकरण, शाम 5 बजे मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, 20 दिसंबर सुबह 10 से 12 नामांकन फार्म का वितरण, 12 से 1 बजे तक नामांकन फार्म जमा करना, 1 से 2:30 बजे तक नामांकन फार्म की जांच एवं अभ्यर्थियों के नाम का प्रकाशन, 2:30 से 3:30 बजे तक दावा-आपत्ति निराकरण, 3:30 से 4 बजे तक नाम वापसी एवं अभ्यर्थियों के नाम का अंतिम प्रकाशन, 4:30 बजे समन्वय समिति की बैठक हुई। आवश्यकता हुई तो 26 दिसंबर की सुबह 10:30 बजे से 3 तक मतदान होगा। 4 बजे से मतगणना एवं परिणाम के बाद प्रमाण-पत्र का वितरण किया जाएगा।

छग प्रदेश साहू संघ के पर्यवेक्षक खिलावन साहू एवं रामकिसुन साहू ने निर्वाचन के लिए संत राम साहू को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नंदकुमार साहू, गौतम चंद साहू नगरी को सहायक निर्वाचन अधिकारी, भारतलाल साहू, केआर बाकडे को सहायक निर्वाचन अधिकारी तथा निर्वाचन अधिकारी के रूप में जितेन्द्र साहू, कृष्णाराम साहू, हृदय राम साहू, तेजेन्द्र साहू, रामचंद साहू बिरेझर, होमेन्द्र साहू, रामगोपाल साहू, तिलकराम, छबिराम बनाए गए हैं।

पांच दिवसीय आयोजन को लेकर ट्रस्ट की हुई बैठक, मंदिर परिसर का हो रहा रंग-रोगन

# ऐतिहासिक कर्णेश्वर मेला महोत्सव 1 फरवरी से

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





ऐतिहासिक कर्णेश्वर मेला महोत्सव का आयोजन 1 से 5 फरवरी तक होगा। तैयारियों को लेकर कर्णेश्वर ट्रस्ट की बैठक रविवार को ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता की अध्यक्षता में हुई, जिसमें मेला महोत्सव को परंपरागत एवं भव्य स्वरूप में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में जानकारी दी गई कि मेला महोत्सव का शुभारंभ 31 जनवरी की शाम को कर्णेश्वर महादेव एवं चित्रोत्पला गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ होगा। मध्यरात्रि में बालका एवं महानदी के संगम पर शाही पुन्नी स्नान का आयोजन होगा जिसमें सिहावा अंचल सहित ओडिशा एवं बस्तर क्षेत्र से देवी-देवताओं का अपने देव विग्रहों के साथ आगमन होगा।

कार्यक्रम के अनुसार 1 फरवरी को पूर्णिमा स्नान तथा 2 फरवरी को पारंपरिक मड़ई का आयोजन होगा। इस दिन परंपरा अनुसार देवी-देवताओं द्वारा मेले की परिक्रमा की जाएगी। बैठक में मंदिर परिसर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मेला प्रारंभ होने से पूर्व पूर्ण करने का निर्णय लिया गया।

ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष भी मेला महोत्सव को सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाने के लिए ट्रस्ट द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। मेला क्षेत्र में लाइट, माइक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंदिर परिसर का रंग-रोगन व चित्रकारी, पेयजल, भोजन व्यवस्था, वाहन पार्किंग सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी। आगामी बैठक में बाजार, वाहन पार्किंग एवं मीना बाजार की नीलामी की जाएगी।


बैठक के दौरान वरिष्ठ ट्रस्टी कलम सिंह पवार, उत्तम साहू, केएस श्रीमाली एवं झाड़ूराम यादव के दिवंगत होने पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान वरिष्ठ ट्रस्टी प्रकाश बैस, जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, उपाध्यक्ष रवि दुबे, रवि ठाकुर, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सचिव भरत निर्मलकर, सहसचिव रामभरोसे साहू, मोहन पुजारी, आनंद अवस्थी, नागेंद्र शुक्ला, छबि ठाकुर, गगन नाहटा, मोहन नाहटा, पेमन स्वर्णबेर, प्रेमलता नागवंशी, मिलेश साहू, खम्मन अडिल, दुर्गेश साहू, अनिरुद्ध साहू, बबलू गुप्ता, महेंद्र कौशल, अश्वनी निषाद, ललित निर्मलकर, टेश्वर ध्रुव, राकेश चौबे, डोमार मिश्रा, रविप्रकाश सार्वा, संतुराम साहू, प्रमेश निषाद, विनोदपुरी गोस्वामी उपस्थित थे।

# बरबांधा में क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांच

- कसपुर, बगाभारी, उरईया, अर्जुनी ने मैच जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





ग्राम पंचायत बरबांधा में पंचायत स्तरीय आठ दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता बीआरबी इलेवन, नवयुवक बालमंडली एवं ग्रामवासियों द्वारा किया जा रहा है। बालक वर्ग में प्रथम पुरस्कार 22,025 एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 11,025 एवं ट्रॉफी वहीं बालिका वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5,025 एवं ट्रॉफी व द्वितीय पुरस्कार 2,525 एवं ट्रॉफी दी जायेगी।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच कोयाकिंग बनाम कसपुर के बीच हुआ। इस मुकाबले में कसपुर टीम ने 7 विकेट से जीत दर्ज की। दूसरा मैच बगाभारी बनाम पिटूचुआ हुआ।

इस मैच में बगाभारी टीम ने 8 विकेट से विजय हासिल की। तीसरा मैच उरईया और घुरावड़ के बीच खेला गया। उरईया टीम ने 10 विकेट से जीत दर्ज की। चौथा मैच कट्टीगांव बनाम अर्जुनी हुआ। अर्जुनी टीम ने 8 विकेट से जीत हासिल की। इस आयोजन में समिति अध्यक्ष योगेश ठाकुर, उपाध्यक्ष रितेश नेताम, सचिव राजू राम कोर्राम, कोषाध्यक्ष नरेंद्र मरकाम, सहसचिव विष्णु मरकाम, सहकोषाध्यक्ष जाकेश विश्वकर्मा, सदस्य फूलचंद मांडवी, नरेश मरकाम, भोजराज कोर्राम, गैंदलाल नेताम, नेमीचंद, यशवंत, खिलेश, दुवेश, भूपेश, रघुनाथ, सर्वेश, रंजीत एवं संदीप जुटे हैं।


संत शिरोमणी गुरु घासीदास बाबा
के जयंती पर्व की समस्त
अजय गढ़वासियों को
गाड़ा गाड़ा बधाई... शुभकामनाएं
गुरू घासीदास बाबा
मा. अजय चंद्राकर
विधायक कुरूद
पूर्व केबिनेट मंत्री छग शासन
हरिशंकर सोनवानी
अध्यक्ष अजा मोर्चा जिला धमतरी
गौकरण साहू
उपाध्यक्ष जि.पं. धमतरी
हरिशंकर साहू
अध्यक्ष सरपंच संघ कुरूद
लोकेश साहू
अध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल
पुरणलाल घृतलहरे
सरपंच ग्राम पंचायत अछोटी
उपाध्यक्ष सरपंच संघ कुरूद
नीतू तेजेंद्र तोड़ेकर
सरपंच ग्राम पंचायत चरमुड़िया
सहसचिव सरपंच संघ कुरूद
शिवराम श्रीहोल
सरपंच
ग्राम पंचायत संकरी
गायत्री इंद्रजीत चेलक
सरपंच
ग्राम पंचायत अटंग
विजय रात्रे
सरपंच
ग्राम पंचायत दर्रा
भीखम लहरे
सरपंच
ग्राम पंचायत मंदरौद
विनीत : सरपंच संघ ब्लाक कुरूद


18 दिसंबर
गुरु घासीदास बाबा जी
की जयंती पर्व की अजय गढ़वासियों को
गाड़ा-गाड़ा बधाई
मा. अजय चंद्राकर
विधायक कुरूद
पूर्व केबिनेट मंत्री छग शासन
श्रीमती प्रतिभा अजय चंद्राकर
मुख्य अतिथि
पूरणलाल घृतलहरे
सरपंच ग्राम पंचायत अछोटी
उपाध्यक्ष सरपंच संघ कुरूद
हरिशंकर सोनवानी
अध्यक्ष अजा मोर्चा जिला धमतरी
गौकरण साहू
उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी
उर्वशी बांधेकर
जनपद सदस्य
लोकेश साहू
अध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल
आनंद साहू
उपसरपंच ग्राम पंचायत अछोटी
18 दिसम्बर
की हार्दिक शुभकामनाएं
... कार्यक्रम ...
18 दिसंबर 2025, गुरुवार
समय : दोपहर 2 बजे
सग्गे कका भतीजा मंगल भजन, बंजारी (कुरूद)
... विशेष ...
भूमिपूजन : सामुदायिक भवन (6.50 लाख)
सम्मान : सतनामी समाज अछोटी द्वारा महिला कमांडो,
ग्रीन आर्मी टीम, मितानिनों का सम्मान समारोह
विनीत : समस्त सतनामी समाज, समस्त ग्रामवासी अछोटी (कुरूद)

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस आज घेरेगी भाजपा कार्यालय


**धमतरी।** नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी द्वारा दर्ज एफआईआर को अदालत द्वारा रद्द किये जाने पर कांग्रेस ने इसे सत्य की जीत और इसे मोदी-शाह तथा भारतीय जनता पार्टी के षड्यंत्र का हिस्सा बताते हुए आज दोपहर 12 बजे भारतीय जनता पार्टी कार्यालय धमतरी का घेराव करेगी। जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील की है।

### हरदीभाठा में आज सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम

**नगरी।** संत शिरोमणि गुरु घासीदास की 269वीं जयंती एवं जोड़ा जयंती महोत्सव के अवसर पर ग्राम हरदीभाठा में 18 दिसंबर को रात्रि 9 बजे से सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्रीमती मरकाम होंगी। अध्यक्षता क्षेत्रीय सतनामी समाज नगरी के अध्यक्ष विष्णु टंडन करेंगे। विशेष अतिथि छग सतनामी समाज के अध्यक्ष सतन कुमार होंगे।

### कोड़ेबोड़ में गुरु घासीदास जयंती आज

**सिर्री।** ग्राम कोड़ेबोड़ में सतनामी समाज के तत्वावधान में 18



दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती धूमधाम से मनाई जायेगी। सतनामी समाज द्वारा घासीदास बाबा की पूजा-अर्चना की जायेगी। मनखे-मनखे एक समान के संदेश को जन- जन तक पहुंचाएंगे। आशाराम रात्रे अध्यक्ष सतनामी समाज, भागवत बंजारे, महेश, बलराम महिलांगे, मनोज भतपहरी ने बताया कि पर्व मनाने की तैयारी पूरी हो चुकी है।

### जयंती के एक दिन पूर्व सतनामी समाज ने निकाली शोभायात्रा

# सतनाम संदेश यात्रा निकालकर दिया समानता, भाईचारे का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी





बाबा गुरु घासीदास की जयंती के एक दिन पूर्व सतनामी समाज के नेतृत्व में धमतरी में सतनाम संदेश यात्रा निकाली गई। यात्रा में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता देखने को मिली और पूरा शहर श्रद्धा, उत्साह एवं सामाजिक एकता के रंग में रंगा नजर आया। जय सतनाम के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

सतनाम संदेश यात्रा की शुरुआत आधारी नवागांव स्थित जैतखाम में पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात यात्रा शहर के विभिन्न वार्डों से होती हुई प्रमुख मार्गों पर निकली। अलग-अलग वार्डों से समाजजन पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षक झांकियों के साथ तथा डीजे-धुमाल की धुन पर नृत्य करते हुए यात्रा में शामिल हुए।

घड़ी चौक में विभिन्न वार्डों से आई झांकियों के एकत्रित होने के बाद यात्रा ने भव्य शोभायात्रा का रूप लिया। यह शोभायात्रा सदर बाजार मार्ग से होकर निकली और विंध्यवासिनी मंदिर के पास समापन हुआ। इस अवसर पर प्रदेश युवा प्रमुख कोमल संभाकर ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास का संदेश मनखे-मनखे एक समान आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि सतनाम संदेश यात्रा का उद्देश्य समाज में समानता, भाईचारे, नशामुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। युवा बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सतत प्रयासरत हैं। युवा सतनामी समाज धमतरी के विनोद डिंडोलकर ने कहा कि सतनाम संदेश यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने का सशक्त माध्यम है। बाबा गुरु घासीदास के आदर्शों पर चलकर ही एक समतामूलक, शिक्षित एवं संगठित समाज का निर्माण संभव है। यात्रा के दौरान शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने में स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इस अवसर पर आरपी संभाकर, मुकेश बघेल, हेमंत बंजारे, राहुल गायकवाड़, मोहन महिलांगे, हीरा गायकवाड़, सागर गायकवाड़, धनेश्वर नवरंगे, दूषण जोशी, कुशल मार्कण्डेय, यशवंत जांगड़े, अजय डहरिया, चंदू बंजारे, देव कुर्रे, हेमंत कुर्रे, पंकज संभाकर, राजा संभाकर, राजा बंजारे, टुपेंद्र विजय सोनवानी, इतवारी गावस्कर, चंद्रप्रकाश पाटले, लोकेश लहरे, दीपचंद भारती, मनोज खरे, योगेश डहरिया, देव कुर्रे, कुशल डिंडोलकर, आकाश बंजारे, लोकेश गायकवाड़, भूपेंद्र भारती, अर्जुन सोनवानी, बुधराम टंडन, विजय सोनवानी, इतवारी गावस्कर, रामेश्वर कुर्रे, चंद्रप्रकाश पटेला, श्रीमती शास्त्री सोनवानी, मोहन जागड़े, मणिकांत जोशी, लोकेश लहरे, राजेन्द्र भारती, भगवान सिंह सोनवानी, गुहरीराम बंजारे, देवनारायण टोण्डे, नवीन मारकण्डे, डीपी जोशी, मोहन बंजारे, गणेश राम बांधे सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# अपर कलेक्टर इंदिरा सिंह ने संभाला निगम आयुक्त का चार्ज



- आयुक्त ने महापौर से नगर निगम के लंबित एवं आगामी कार्यों को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

नगर निगम धमतरी में लंबे समय से रिक्त आयुक्त पद का मामला अब सुलझ गया है। राज्य शासन के आदेशानुसार अपर कलेक्टर इंदिरा सिंह को नगर पालिक निगम धमतरी के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मंगलवार 16 दिसंबर को उन्होंने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया।

पदभार ग्रहण के दौरान उनकी महापौर रामू रोहरा से मुलाकात हुई, जिसमें नगर निगम के लंबित एवं आगामी कार्यों को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर उपायुक्त पीसी सार्वा सहित निगम के अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि आयुक्त पद रिक्त होने के कारण निगम के कई प्रशासनिक कार्यों, विशेषकर फंड रिलीज से जुड़े मामलों में कठिनाइयां आ रही थीं। नए प्रभार के साथ अब इन समस्याओं के समाधान की उम्मीद जताई जा रही है।

राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, नगर पालिक निगम धमतरी की आयुक्त प्रिया गोयल के चिकित्सकीय अवकाश अवधि तक अपर कलेक्टर इंदिरा देवहारी को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ निगम आयुक्त का सम्पूर्ण प्रभार सौंपा गया है। इससे नगर निगम के कार्यों में गति आने की संभावना है।

# हाईवा की चपेट में आने से सेवानिवृत्त शिक्षक की मौत

- मार्निंग वॉक पर निकले थे, सेमरा मोड़ के पास हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरूद

मॉर्निंग वॉक पर निकले एक सेवानिवृत बुजुर्ग शिक्षक की रेत से भरे हाईवा की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना स्थल पर मौजूद भीड़ ने बेलगाम हाईवा एवं अन्य वाहनों पर रोक लगाने की मांग उठाई है। सूचना पर भखारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए कुरूद भेजा। मिली जानकारी अनुसार भखारा थानांतर्गत ग्राम सेमरा बी में 17 दिसंबर की सुबह रोज की भांति सेवानिवृत्त प्रधानपाठक चोवाराम सिन्हा अपने घर से टहलने सुपेला सड़क पार कर रहे थे, तभी महानदी से रेत भरकर भिलाई की ओर जा रहे हाईवा क्रमांक सीजी 07 सीसी 9379 ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना जबरदस्त था कि चपेट में आने के बाद वह चक्के में करीब 25 फीट तक घसीटते चले गए। सेवानिवृत्त शिक्षक की कमर का निचला भाग बुरी तरह से कुचल गया और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव के लोग बड़ी संख्या में एकत्र हो गए। भखारा थाना की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा कर क्षत-विक्षत लाश को पोस्टमार्टम के लिए कुरूद भेजा। पुलिस हाईवा चालक को वाहन समेत पकड़ उनके खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

# स्वयंसेवकों ने लगाए 1.40 लाख से अधिक दंड प्रहार

- जिले की 72 शाखाओं में हुआ प्रहार महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाओं में पूरे भारतवर्ष में प्रति दिन एक मिनट प्रहार किया जाता है। प्रत्येक माह की 16 तारीख को प्रहार यज्ञ के अवसर पर शाखा समय में एक घंटे का दंड प्रहार किया जाता है।

प्रतिवर्ष 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में स्मरण करते हुए सभी शाखाओं में प्रहार महायज्ञ आयोजित किया जाता है।

जिला कार्यवाह धनेश्वर निर्मलकर ने बताया कि 16 दिसंबर 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत की ऐतिहासिक विजय हुई। भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना के 93 हजार सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए विवश किया था।

इसी गौरवशाली विजय की स्मृति में संघ द्वारा यह दिन प्रहार महायज्ञ के रूप में मनाया जाता है। इस आयोजन का उद्देश्य शहीद सैनिकों के सम्मान, भारतीय सेना के पराक्रम को स्मरण करने के साथ-साथ स्वयंसेवकों में शारीरिक एवं मानसिक अनुशासन, शक्ति तथा राष्ट्र रक्षा की भावना को सुदृढ़ करना है।

इस वर्ष 16 दिसंबर को धमतरी जिले में संचालित 72 शाखाओं के सैकड़ों स्वयंसेवकों ने अनुशासित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से एक लाख चालीस हजार से अधिक दंड प्रहार किए।

### फुसेरा में आज घासीदास जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**सिर्री।** ग्राम फुसेरा में इस वर्ष भी सतनामी समाज द्वारा 18 दिसंबर को गुरु घासीदास की जयंती उल्लास के साथ मनाई जाएगी। दोपहर 1 बजे सतनाम के महिमा पंथी पार्टी ग्राम घोट परसदा की प्रस्तुति होगी। रात्रि में 8 बजे मया के छईया डांस परिवार की प्रस्तुति पश्चात फूलवारी दावना सांस्कृतिक लोकनृत्य का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी सतनामी समाज अध्यक्ष डालचंद बंजारे, नेमी लहरे, धर्मेंद्र भीमो, गणेश भीमो ने दी।

# खपरी में पंथी नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता 19-20 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज ⏩ अंवरी

संत शिरोमणि बाबा गुरू घासीदास जयंती पर ग्राम खपरी (बंगोली) में 19 एवं 20 दिसम्बर को पंथी नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई है। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 8001 रूपये, दूसरा 6001 रूपये, तीसरा 4001 रूपये एवं चौथा पुरस्कार 2001 रूपये साथ ही महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, दूसरा 4001 रूपये, तीसरा 3001 एवं चौथा पुरस्कार 2001 रूपये रखा गया है।

प्रत्येक मंडली को सांत्वना राशि 1601 रूपये दी जायेगी। अतिथि धर्मिन यादव सरपंच कुर्रा, नारायण साहू पूर्व सरपंच कुर्रा, तेजेश्वर कुर्रे ब्लॉक अध्यक्ष सतनामी समाज भखारा, सन्नी बैस भाजपा युवा नेता, मनहरण चतुर्वेदी उपसरपंच कुर्रा, अशोक केशरी पंच प्रतिनिधि खपरी, इन्द्राणी, केशरी, टिकेश्वरी होंगे। यह जानकारी सुमित केशरी एवं अमित आडिल ने दी।

### हरफतराई में आज घासीदास जयंती मनेगी

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

ग्राम हरफतराई में सतनामी समाज द्वारा 18 दिसम्बर को बाबा गुरु घासीदास की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस उपलक्ष्य में दानीटोला की जय सतनाम पंथी पार्टी का नृत्य होगा। रात्रि में मनोरंजन के लिए छन्नू मन्नू का नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम प्रमुख विनोद डिंडोलकर ने दी है।

# सिर्री में पंथी प्रतियोगिता 19-20 को

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिर्री

ग्राम सिर्री में ग्रामवासियों के सहयोग से 19 और 20 दिसंबर को पंथी नृत्य और झांकी प्रतियोगिता रखी गई है पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5555 रूपये, द्वितीय 3333 रूपये, तृतीय 2222 रुपए दिया जायेगा।

महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 4444 रुपए, द्वितीय 2222 रुपए, तृतीय 1555 रूपये निर्धारित है। गायन में 555 रुपए, वेशभूषा 555 रुपए, मीनार 555 रुपए, झांकी 555 रूपये, नृत्य में 555 रूपये दिया जाएगा।

19 और 20 दिसंबर को 12 से 3 बजे तक पहले तीन मंचस्थ मंडलियों को आकर्षक पुरस्कार स्वरूप 555 रुपए 1 घंटे की प्रस्तुति पर दिया जायेगा। प्रत्येक मंचस्थ मंडली को सांत्वना राशि 2222 रूपये दी जाएगी। स्पर्धा में प्राथमिक 25 मंडलियों को शामिल किया जाएगा। प्रवेश शुल्क 201 रुपए है। समापन दिवस पर 20 दिसंबर को मड़ई होगी।

रात्रि में चंपा बसन लोककला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भकुर्रा राजनांदगांव की प्रस्तुति होगी। आयोजन की तैयारी में भागवत मनहर शिक्षक, धनेश बंजारे अध्यक्ष, कमलेश टंडन उपाध्यक्ष, लेखराम घृतलहरे सचिव, भारत घृतलहरे संरक्षक, परमानंद सोनवानी, कामेश बंजारे, चंद्रहास, ओमप्रकाश, धनेश मनहर, तुलाराम, कैलाश कुमार, भोजराम जुटे हैं।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरूषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रूकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
05 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

